# ई अटेंडेंस शुरू, लेकिन जिले में मॉनिटरिंग नहीं

## ई अटेंडेंस से जवाबदेही शुरु, लेकिन जिले में नहीं हो पाएगी मॉनिटरिंग, कैसे पता लगे धरातल पर कितना होगा पालन

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़, 01 जुलाई, का. स्कूलों में अनुशासन बनाने, जवाबदेही के साथ ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने शासन द्वारा 1 जुलाई से ई अटेंडेंस को लागू किया गया है. किंतु इसके लागू होने के पूर्व ही इसको लेकर विरोध प्रदर्शन हुए. ई अटेंडेंस का यह कहते हुए काफी विरोध हुआ कि शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागों में भी इसको लागू किया जाये. साथ ही इसमें कई त्रुटियां बताते हुए इसे लागू नहीं करने की मांग की. इन सब विरोध प्रदर्शन के बीच आखिरकार 1 जुलाई से ई अटेंडेंस लागू तो हो गया किंतु इसके सिस्टम का संचालन सीधे भोपाल से होने से यह अंदाजा लगा पाना मुश्किल है कि पहले दिन इसका कितना पालन जिले में हुआ है.**



### स्कूल शुरू होने के 1 घंटे तक लगा सकते हैं उपस्थिति

जानकारी के अनुसार वर्तमान में स्कूलों का समय प्रात: 10 .30 बजे से शुरु होकर शाम 4 बजे तक है . ई अटेंडेंस में शिक्षक प्रात: 10 .30 से 11 .30 बजे तक अटेंडेंस लगा सकेंगे . जबकि स्कूल से लौटने का समय भी शाम 4 से 4 .30 तक निर्धारित किया गया है ऐसे में समय में भी रियायत होगी .

प्राय: कुछ शिक्षकों के समय पर स्कूल नहीं पहुंचने, समय से पूर्व लौट आने तथा इससे शैक्षणिक व्यवस्था के प्रभावित होने संबंधी शिकायतें सामने आती रही है इसको दृष्टिगत रखते हुए तथा शिक्षा में अनुशासन, जवाबदेही तय करते हुए शिक्षा व्यवस्था के स्तर को और अधिक बेहतर करने शासन द्वारा ई अटेंडेंस को लागू करने का निर्णय लिया गया. इस संबंध में विभाग का कहना है कि वह शासन के निर्देशों का पालन करते हुए फिलहाल इसकी समीक्षा करेंगे.

हालांकि तथ्य यह भी है कि जिला स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग करने के लिए कोई तकनीकि विकल्प नहीं है. इसकी मॉनिटरिंग सीधे भोपाल सेंटर से होगी. यानी कितने लोगों ने नई व्यवस्था के तहत उपस्थिति लगाई है यह स्थानीय स्तर पर पता नहीं चल सकेगा.

> ई अटेंडेंस संबंधी जानकारी रात 12 बजे तक पोर्टल पर अपडेट होगी. उसके बाद ही उपस्थिति की स्थिति स्पष्ट होगी. यदि कोई शिक्षक अटेंडेंस नहीं डालने को लेकर दबाव बनाते है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी.
>
> **करण सिंह भिलाला**
> **जिला शिक्षा अधिकारी**
> **राजगढ़**

### हम पर ही क्यों लागू किया जा रहा

ई अटेंडेंस को लेकर इसका विरोध करते हुए जिले में भी शिक्षकों के संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए इसे लागू नहीं करने की मांग की. इनका कहना है कि यह शिक्षकों के लिए ही क्यों लागू किया जा रहा है और भी अन्य विभाग है उनमें इसे लागू क्यों नहीं किया जा रहा है. साथ ही इसमें कुछ त्रुटियां है. जैसे कि नेटवर्क नहीं मिलने, शिक्षकों को अन्य कार्यो में भी ड्यूटी लगा देने पर कैसे ई अटेंडेंस लग पाएगी. गौरतलब है कि ई अटेंडेंस में मोबाईल एप या पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों को अपने स्कूल स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना होगी.

## तेज रफ्तार जेसीबी ने बुजुर्ग को कुचला

**सागर, 1 जुलाई. कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर मुहाल 4 में रहने वाले यूसुफ खान 60 वर्ष की एक तेज रफ्तार जेसीबी वाहन की टक्कर से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.**

जानकारी के अनुसार यूसुफ खान प्रतिदिन की तरह शनिदेव मंदिर के पास से साइकिल पर पानी भरने जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा कंेट थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित स्व. डॉ. प्रमोद चौकसे के घर के पास हुआ, जहाँ जेसीबी ने पहले टक्कर मारी और फिर उन्हें कुछ दूरी तक घसीटते हुए ले गई. घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. स्थानीय लोगों में हादसे को लेकर आक्रोश है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

बताया गया है कि यूसुफ खान अपने पूरे परिवार का अकेले सहारा थे, और उनके ऊपर ही घर की आर्थिक जिम्मेदारियाँ थीं. फिलहाल केंट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में लिया हैं.



# अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे का अल्टीमेटम

- **पांच करोड़ की लागत से बनेगी एक किलोमीटर लंबी सड़क**
- **काफी पूर्व में नपा ने लगाए थ मकानों पर लाल निशान**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर. आखिरकार भोपाल नाका से कोतवाली चौराहा तक बनने वाले टू लेन रोड़ का मार्ग प्रशस्त हो गया है. सड़क निर्माण में बाधक अतिक्रमण को हटाने के लिए नपा द्वारा पूर्व में दिए गए नोटिसों के बाद अब मंगलवार को महज अगले 24 घंटे में अपने अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी गई है.**

आवागमन को आसान बनाने के लिए भोपाल नाका से कोतवाली चौराहा तक टू- लेन सड़क का निर्माण लंबे समय से प्रस्तावित है. कई माह पूर्व नपा द्वारा भोपाल नाका से कोतवाली चौराहे तक निर्माण कार्य में बाधक बनने वाले अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस थमाए जा चुके हैं. इसके अलावा मकानों व दुकानों के उन हिस्सों पर लाल निशान लगाए हुए अर्सा बीत गया जिन्हें तोड़ा जाना था, लेकिन हर बार बात नोटिस थमाने से आगे नहीं बढ़ी थी, लेकिन मंगलवार को एक बार फिर जिला प्रशासन के आदेश पर अमला सक्रिय हुआ.

> **अतिक्रमण हटने के बाद निर्माण करेंगे**
>
> हमारे द्वारा पूर्व में दो बार भोपाल नाका से कोतवाली चौराहे तक सड़क निर्माण में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने के नोटिस दिए थे. मंगलवार को उन्हें अंतिम चेतावनी देकर 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने कहा है.
>
> **विजय कोली,**
> सहायक यंत्री, नगरपालिका

### व्यस्ततम मार्ग होने के कारण टूलेन निर्माण जरूरी

कोतवाली चौराहा से भोपाल नाका तक के क्षेत्र में छोटे- बड़े वाहनों का काफी दबाव रहता है. इस क्षेत्र में कोचिंग सेंटर से लेकर अन्य व्यवसायिक गतिविधियां अधिक हैं. इसलिए सड़क पर कई बार जाम लगता है. नगर पालिका यहां पर दो चरणों में नोटिस दे चुकी है. सबसे पहले 75 लोगों को नोटिस दिए गए थे. इसके बाद 35 लोगों को बाद में अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस देकर कार्रवाई करने की बात कही गई. इसके बाद भी अभी तक लोगों ने इस रोड से अतिक्रमण नहीं हटाया है. अतिक्रमण हटने के बाद यह सड़क 11 मीटर चौड़ी बनेगी. भोपाल नाके

# सांदीपनी स्कूल का कार्य 16 तक पूर्ण कराएं

**नवभारत न्यूज**

**सागर, 1 जुलाई. विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने जुलाई माह से स्कूल के सत्र की शुरुआत को लेकर सीएम राइज सांदीपनी स्कूल भवन का निरीक्षण किया और इसी सत्र से कक्षाएं नवीन भवन में लगाए जाने के निर्देश दिए हैं.**



विधायक श्री जैन के प्रयासों से 39.6 करोड़ रुपए की लागत से 5 एकड़ भूमि पर 2575 विद्यार्थियों के लिए एक भवन तैयार किया जा रहा है, इसमें भवन की फिनिशिंग का काम शेष रह गया है,16 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं.

बड़े काम जैसे मल्टीपरपज हाल, डाइनिंग हाल ,ओपन एयर थिएटर,मुख्य गेट निर्माण कार्य,बाउंड्री वाल ,खेल ग्राउंड,हॉस्टल निर्माण कार्य को 3 माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए. विधायक श्री जैन ने प्राचार्य विनय दुबे को निर्देश देते हुए कहा कि 2576 बच्चों की क्षमता के हिसाब से प्रवेश की तैयारी रखिए जो बच्चे और उनके अभिभावक आशा के साथ सीएम राइस स्कूल में एडमिशन लेना चाहते हैं उन्हें निराश न करें और इन्हें 16 जुलाई तक कार्य पूर्ण करके एडमिशन दे दिया जाए. इस अवसर पर डीजीएम रामबाबू तिवारी मौजूद थे.

## बीना नदी में डूबने से बालक की मौत

**पठारी, 1 जुलाई.** थाना अंतर्गत ग्राम दान खेड़ी निवासी लव कुर्मी उम्र 6 वर्ष पिता दिनेश कुर्मी सोमवार को शाम 4 बजे दान खेड़ी घाट के रिपटा से गुम हो गया था प्राप्त जानकारी के अनुसार लव कुर्मी परिजनों के साथ बीना नदी पर ट्रैक्टर धोलवाने के लिए गया था.जहां से वह घर जाने की कहकर चला गया. लेकिन जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने पठारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी.

मंगलवार सुबह विदिशा से आई रेस्क्यू टीम द्वारा बिना नदी के दान खेड़ी घाट पहुंचकर तलाश शुरू की विदिशा से आए सेनानी मयंक जैन के मार्गदर्शन में टीम प्रभारी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा द्वारा टीम के 16 सदस्यों ने कड़ी मशक्कत के बाद लव कर्मी का शब बीना नदी दानखेड़ी घाट पुल के पास मिला.



# जल में डूबा जल विभाग, सभी परेशान

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 01 जुलाई**. नगर में बारिश की शुरूआत से ही गांव की दशा में कीचड और पानी से सराबोर हो रहा है नर्मदापुरम के अनेक क्षेत्रों में पानी भर गया है.

उसमें से प्रमुख रूप से पीएचई विभाग के कार्यालय में प्रवेश करने के लिये घुटने घुटने पानी में से जाना पडता है. अंदर बैठे अधिकारी कर्मचारी की टेबिल कुर्सी के पास भी पानी और कीचड जमा हो रही है जिसके कारण अधिकारी कर्मचारी भी वहां बैठकर काम करने से बच रहे हैं. साथ ही आम जनता को यदि इस विभाग में कुछ काम पड जाए तो उसे भी भरे पानी में से गुजरकर कार्यालय में जाना पडता है. बताया जाता है कि, कार्यालय में हर वर्ष वर्षाकाल में यही स्थिर्ता होती है. लेकिन प्रशासनिक अधिकारी उनकी एक भी नहीं सुनते और कहते हैं कि आप लोग जिले भर को पानी पिलाते हो बारिश के दिनों में पानी में रहना सीखो.

## एक नजर में




### रोटरी क्लब के तत्वाधान में रक्तदान शिविर

**सागर.** डाक्टर्स डे पर रोटरी क्लब सागर सेन्ट्रल एवं रोटरी क्लब सागर के संयुक्त तत्वाधान में भाग्योदय तीर्थ अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर 46 पुरुष एवं महिलाओं के द्वारा रक्तदान किया गया. इस शिविर में रोटरी क्लब सागर सेन्ट्रल अध्यक्ष अभिनय जैन, सचिव अर्पित वर्मा, रोटरी क्लब सागर अध्यक्ष रो. आशीष सिंह, सचिव रो. नितिन साहू, सहायक मंडलाध्यक्ष रो. प्रिंस जैन, सहायक मंडलाध्यक्ष रो. विजय भूषण वर्मा, रितु राज जैन ने योगदान दिया. इस अवसर पर रक्तवीर सुखजीत सिंह आहलूवालिया एवं समीर जैन की उपस्थिति रही. क्लब डॉ डॉ. पारुल सारस्वत ने भी रक्तदान किया. डा. ऋषभ जैन का योगदान रहा.

### आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चियों की मौत

**पिपरिया.** नजदीकी ग्राम जमारा में आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चियों की मौत हो गई। मंगलवारा थाना उपनिरीक्षक मालिक सिंह बट्टी ने बताया कि ऊटियाकिशोर ग्राम के नजदीक जमारा ग्राम की जमीन के अंतर्गत राधेश्याम गूजर के खेत में ग्राम के मजदूरों द्वारा धान लगाई जा रही थी इसी दौरान शाम को लगभग 4 बजे आकाशीय बिजली गिर जाने से ऊटियाकिशोर निवासी गंगा पिता मालगुजार अहिरवार उम्र 17 वर्ष निवासी ऊटियाकिशोर, रामसखी पिता प्रेम अहिरवार उम्र 17 वर्ष निवासी मेहरा गांव बरेली की मृत्यु हो गई। दोनो बच्चियों को परिवार वाले व ग्रामीण घायल अवस्था में शासकीय अस्पताल लाये जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित किया।



### अभियान के तहत स्व सहायता समूह ने रौपे पौधे

**रेहटी.** ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वच्छता समूह की महिला सदस्यों द्वारा पौध रोपण किए गए. वहीं नप परिसर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पौधारोपण किया गया. स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा, नगरपरिषद, पुष्प वाटिका, दशहरा मैदान सहित सार्वजनिक जगहों पर पौधे रोपे गए. नप अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल द्वारा समूह की प्रत्येक महिला को बरसाती किट वितरित की गई. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण मानव जाति का सर्वोपरि कर्तव्य है एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के माध्यम से आज हमने पर्यावरण को संरक्षण करने का संकल्प लिया है.

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित

**गुना.** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नवाचार के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। आज जनसुनवाई कक्ष में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 अभिलाषा श्रीवास्तव, मधुरेश झा एवं अक्षय राठौर एवं तहसील राघौगढ के सहायक ग्रेड-3 संजय राजपूत को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया। प्रति माह उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने का नवाचार कलेक्टर द्वारा आरंभ किया।

# सड़कों से निकलना जोखिम मौल लेना

- **बाईपास सड़कों की हालत खराब**
- **घटिया निर्माण की कई बार हो चुकी शिकायत**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, 1 जुलाई. गंजबासौदा की बाईपास सड़कों की हालत बहुत खराब है घटिया निर्माण होने के कारण यह स्थिति बनती है रेलवे स्टेशन पूर्वी कॉलोनी रोड की हालत बहुत बदहाल स्थिति में है.**



रेलवे अंडर ब्रिज से लेकर त्योंदा रोड तक सड़क का घटिया निर्माण हुआ था. पूरा जगह-जगह से डामर उखड़ गया और पानी में बह गया पूर्वी रेलवे कॉलोनी के निवासियों ने बताया की जब सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था सभी ने विरोध जताया था और संबंधित विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन दिया था.

# पहाड़ी दरकने से बढ़ा खतरा, सड़क पर गिरे पत्थर

**नवभारत न्यूज**

**चिचोली, 1 जुलाई. नेशनल हाईवे 47 फेम 2 के अंतर्गत सीताडोंगरी से टेमा गांव तक हाल ही में निर्मित सड़क यात्रियों के लिए खतरे का सबब बनते जा रही है। बरसात के मौसम में इस मार्ग पर जगह पहाड़ी दरक रही है और बड़े-बड़े पत्थर सड़क पर गिर रहे हैं। हादसे की आशंका बढ़ रही है।**

सोना चूनाहजूरी से दरियागंज तक विशेष का धनिया जब रिच घाट और पीपल घाट ओवर ब्रिज क्षेत्र पहाड़ों से कई कई जगह कुतल वजनी पत्थर सड़क पर गिरे हुए कभी किसी वहां से टकरा सकते हैं या उन पर गिर सकते हैं। जिससे जान माल का बहुत भारी खतरा है। अधिकांश स्थानों पर जाली नहीं लगाई गई, जहां जाली लगाई गई, वहां केवल औपचारिकता पर साबित हो रही है। बारिश के साथ सड़क पर मलबा और पत्थर गिरे हुए स्थानीय लोगों ने इस स्थिति के लिए कंडक्शन कंपनी



जीत एशिया और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एएनचएअई ) को जिम्मेदार ठहराया है। घाट कटिंग मार्ग में सुरक्षा मानको अनदेखी की गई स्थाई नागरिक जनप्रतिनिधियों की मांग है कि संबंधित विभाग तुरंत कार्रवाई कर सभी सुरक्षित जलीय लगावाए और सड़क पर गिरे पत्थर हटवाया जाए यदि समय रहते यहां कदम नहीं उठा तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना होने से इन कार नहीं किया जा सकता।

# पटवारी संघ ने प्रदर्शन कर मांगों का सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ, 1 जुलाई. जिला पटवारी संघ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए पटवारियों ने मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है।**


जिला अध्यक्ष चंद्रका प्रसाद समारी ने कहा कि प्रदेश के पटवारी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भू-अभिलेख का डिजिटलाइजेशन और प्रधानमंत्री आवास स्वामित्व योजना में सराहनीय योगदान दिया है। लेकिन प्रदेश स्तर पर वेतन, पदोन्नति और तबादला जैसे अधिकारों का शोषण हो रहा है। संघ ने कहा कि गंभीर बीमारी से पीड़ित पटवारियों को गृह जिलों में पदस्थापना नहीं मिल रही है। आपसी सहमति वाले तबादला में भेदभाव किया जा रहा है। संविलियन तबादला नीति के तहत 1200 पटवारियों को तबादला मिलना चाहिए था। लेकिन केवल 509 को ही इसका लाभ मिला है। पटवारी संघ के पदाधिकारियों का आरोप है कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।

# शहर में पुलिस की तीसरी आंख हुई धुंधली

## सीसीटीवी कैमरों से आरोपियों की नहीं हो पा रही पहचान

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 1 जुलाई. 16 जून की रात्रि शहर के सागर भोपाल तिराहे के पास एक अज्ञात जीप ने बाइक सवार पीयूष सिंह को टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में अब तक पुलिस के हाथ उक्त जीप के चालक और वाहन की जानकारी नहीं लग सकी है, जबकि शहर के पुराना बस स्टैंड महामाया चौक इंडियन चौराहे से होते हुए उक्त जीप चालक का भागना बताया जा रहा है.**



इतना ही नहीं अन्य लोकेशन के आधार पर उक्त जीप इंडियन चौराहा तक के कैमरों के बीच से होकर भी आई थी.यानि स्पष्ट है कि आधे से अधिक शहर के कैमरों के बीच से यह जीप निकल गई, लेकिन किसी भी कैमरे में यह स्पष्ट नहीं दिख रहा है कि जीप का नंबर क्या है. इतना ही नहीं जीप की बनावट के आधार पर भी पहचान नहीं हो सकी है.

### गोपालपुर के दो कैमरे बंद दो चालू....

सांची रोड गोपालपुर पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने पुलिस महकमे द्वारा लगाई गई तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरे दो चालू दो खराब है ।बंद इसीलिए पड़े हैं क्योंकि एक जीप ड्राइवर द्वारा कैमरे के खंभे में जोरदार टक्कर मार दी थी ।बताया जाता है कि यह दोने हाई कैमरे जल्द चालू हो जाएंगे।

> **इनका कहना है...**
>
> शहर में लगे कैमरों की ऑडिट करा लेते हैं. जितने भी कैमरे लगे हैं, उनकी स्थिति चेक कराते हैं. साथ ही कहां-कहां जरूरत है और कैसे कवरिंग बढ़ाई जाए, इस संबंध में जल्द अपडेट देंगे।
>
> **- कमलेश कुमार खरपुसे**
> **एएसपी रायसेन**

**परेशानी** | **बोले- पुराना मीटर लगाओ, नहीं तो हम खुद उखाड़ फेंकेंगे**

# स्मार्ट मीटर के झटकों से परेशान नागरिक पहुंचे कलेक्ट्रेट

**नवभारत न्यूज**

**गुना, 1 जुलाई का। शहर की विभिन्न कॉलोनियों में हाल ही में लगाए गए स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए नई मुसीबत बनते जा रहे हैं। मंगलवार को लक्ष्मीनगर, सरस्वती नगर, बालाजी नगर और सकतपुर क्षेत्र के दर्जनों उपभोक्ता जिला जनसुनवाई में पहुंचे और कलेक्टर से बिजली बिल में हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी को लेकर गुहार लगाई। इस दौरान उपभोक्ताओं ने दो टूक कहा कि हमें स्मार्ट नहीं, पुराने एनालॉग मीटर वापस चाहिए।**



यदि ऐसा नहीं किया गया तो हम मीटर स्वयं इन मीटर को उखाड़ फेंकेंगे। इस मौके पर जनसुनवाई में पहुंचे लक्ष्मीनगर निवासी अभिषेक चंदेल ने बताया कि उनकी मासिक आय मात्र 8000 है, जबकि इस माह बिजली बिल 13,500 आ गया है। पिछले महीने यही बिल 137 था। इसी तरह कुलदीप ओझा का बिल सीधे 207 से 37,195 पर पहुंच गया। उन्होंने कहा इतना बिल तो किसी फैक्ट्री का नहीं आता। हमारे घर में एक बल्ब और एक पंखा चलता है। सरस्वती नगर के सुरेश जैन ने बताया कि पहले उनका बिल 800 आता था, लेकिन इस बार 8,500 का बिल थमा दिया गया है।

उपभोक्ताओं ने बताया कि कॉलोनी में हाल ही में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं और इन्हीं के बाद से बिल कई गुना बढ़े हैं। बिजली विभाग से लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन न तो कोई मीटर जांचने आया और न ही कोई संतोषजनक जवाब मिला। शनिवार को भी लोगों ने बिजली कार्यालय जाकर समस्या बताई थी, वहां आश्वासन मिला था कि सोमवार को जांच होगी, लेकिन कोई नहीं आया।



# रुक-रुक कर हो रही बारिश से कच्चा मकान गिरा

**नवभारत न्यूज**

**नईसराय. क्षेत्र में हो रही रुक-रुक कर बारिश के कारण कई मकान या तो क्षतिग्रस्त हो गए या फिर पूर्ण रूप से धराशायी हो गए। मंगलवार को हुई बारिश के कारण कच्चा मकान गिरा, जिसमें उसमें रखा हजारों रुपए का सामान दब गया।**

दरअसल मंगलवार को सुबह से अचानक से मौसम में बदलाव करते हुए बारिश के कारण अचानक मकान गिरने से उसमें रखे टीवी ,कूलर, सिलाई मशीन, बक्सा एवं घरेलू सामान नष्ट हो गया। क्षेत्र में विगत आठ दिनो से रोज रुक-रुक कर बारिश हो रही है।